साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय में **संपादक (अंग्रेज़ी)** के पद हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित करती है।

पदों की संख्या : एक (अनारक्षित)
वेतनमान : पे बैंड–III, रु. 15,600–39,100 + ग्रेड पे रु. 6,600

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ
अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. साहित्य के क्षेत्र में आधिकारिक योग्यता।
3. भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क।
4. अंग्रेज़ी की साहित्यिक पत्रिकाओं एवं पुस्तकों के संपादन का पाँच वर्षों का अनुभव।
5. अंग्रेज़ी के अलावा एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का अच्छा ज्ञान।
6. कंप्यूटर का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. अंग्रेज़ी साहित्य में शोध/वाचस्पति की उपाधि।
2. पत्रकारिता में डिग्री/डिप्लोमा।
3. शोधकार्य का अनुभव/प्रकाशित शोध आलेख/कृतियाँ।
4. साहित्यिक अनुवाद का अनुभव।

आयु–सीमा : 50 वर्ष
(भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट।)

जो आवेदक केन्द्र/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली–110001 के पते पर पहुँच जाने चाहिए। लिफाफे पर ''**संपादक (अंग्रेजी) के पद हेतु आवेदन पत्र**'' अंकित होना चाहिए। **ई–मेल द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।**

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ./50/7/2015

प्रकाशन तिथि : 17 अक्टूबर 2015
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 16 नवंबर 2015